**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 27.02.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# छात्रों ने सीखे तनाव दूर करने के गुर

## अंतरराष्ट्रीय प्रेरक व आरोग्य साधक नूपुर तिवारी ने जेसी बोस यूनिवर्सिटी में दिया व्याख्यान

■ वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद



जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन

**विद्यार्थियों को** आत्मविश्वास बढ़ाने और तनाव प्रबंधन की तकनीक सिखाने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय प्रेरक, वक्ता और आरोग्य साधक के रूप में पहचान रखने वाली नूपुर तिवारी मौजूद रहीं।

नूपुर तिवारी जापान में हील टोक्यो संगठन चलाती हैं। उनके साथ कई कारपोरेट व शिक्षण संस्थान जुड़े हुए हैं। वह जानीमानी योग विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षक भी हैं।

व्याख्यान के दौरान नूपुर ने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, आत्म-साक्षात्कार, आत्म-अनुशासन और आत्म-प्रेरणा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे वे अपने आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने स्टूडेंट्स को विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया, जिसके माध्यम से वे अपनी क्षमताओं का पता लगा सकते हैं और खुद को सही दिशा में ले जा सकते हैं। औपचारिक बातचीत में, नूपुर ने बताया कि वह हील इंडिया मूवमेंट के लिए भारत भ्रमण पर हैं।

महाराष्ट्र, राजस्थान, चंडीगढ़ और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का दौरा कर रही हैं। हील इंडिया मूवमेंट का उद्देश्य युवाओं और सुविधाओं से वंचित बच्चों की योग और मानसिक परामर्श के माध्यम से मदद करना है। विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के लिए प्रेरक सत्र आयोजित करने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में सहयोग देने के लिए नूपुर तिवारी के प्रयासों की सराहना की। व्याख्यान सत्र में एमबीए और बीबीए पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने भाग लिया।



**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 27.02.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# शिविर में 200 यूनिट ब्लड एकत्र



**वस, फरीदाबाद** : जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी में भारत विकास परिषद व रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का लगाया गया। इसमें विद्यार्थियों व कर्मचारियों ने रक्तदान किया। शिविर में 200 से ज्यादा यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर सुबह साढ़े 9 बजे शुरू हुआ और शाम 4 बजे तक चला। शिविर का शुभारंभ फरीदाबाद के उपायुक्त यशपाल यादव, कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व भारत विकास परिषद की फरीदाबाद इकाई के पदाधिकारियों ने किया। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग भी मौजूद रहे। शिविर का संचालन विश्वविद्यालय की एनएसएस और यूथ रेडक्रॉस विंग द्वारा डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चौहान, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल और सुशील पवार की देखरेख में किया गया।

**NEWS CLIPPING: 27.02.2020**

**PUNJAB KESARI.COM**

# विद्यार्थियों ने सीखी तनाव मुक्त रहने की तकनीक

## तनाव प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता तथा आरोग्य साधक नूपुर तिवारी ने दिया व्याख्यान



*विद्यार्थियों के साथ अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता नुपूर तिवारी।* *(छाया: एस शर्मा)*

फरीदाबाद, 26 फरवरी (पूजा शर्मा): विद्यार्थियों में आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा तनाव प्रबंधन की तकनीक सिखाने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता तथा आरोग्य साधक के रूप में पहचान रखने वाली नूपुर तिवारी के विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। नूपुर तिवारी जापान में हील टोक्यो संगठन चलाती है, जिसके साथ अनेकों कारपोरेट तथा शिक्षण संस्थान जुड़े हुए है। वह योग विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षक भी है। व्याख्यान के दौरान, नूपुर ने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, आत्म-साक्षात्कार, आत्म-अनुशासन और आत्म-प्रेरणा की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ चर्चा की कि कैसे वे अपने आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने आत्मविश्वास बढ़ाने के विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया, जिसके माध्यम से वे अपनी क्षमताओं का पता लगा सकते हैं और इसे सही दिशा में ले जा सकते हैं। औपचारिक बातचीत में, नुपुर ने बताया कि वह हील इंडिया मूवमेंट के लिए भारत भ्रमण पर है और महाराष्ट्र, राजस्थान, चंडीगढ़ और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का दौरा कर रही है। हील इंडिया मूवमेंट का उद्देश्य युवाओं और सुविधाओं से वंचित बच्चों की योग और मानसिक परामर्श के माध्यम से मदद करना है। नूपुर को ग्लोबल माइस और पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स नई दिल्ली द्वारा मोस्ट फैबुलस वुमन लीडर्स में सम्मानित किया जा चुका है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के लिए प्रेरक सत्र आयोजित तथा उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में सहयोग देने के लिए नूपुर तिवारी के प्रयासों की सराहना की। व्याख्यान सत्र में एमबीए और बीबीए पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सत्र मनोरंजक और ऊर्जा से भरपूर रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने खुद को प्रेरित और आनंदित महसूस किया। इस अवसर पर प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम और डीन डॉ. अरविंद गुप्ता भी उपस्थित थे। का समन्वय ज्योत्सना चावला ने किया।

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 27 February 2020
https://epaper.punjabkesari.in/c/49416290

**NEWS CLIPPING: 27.02.2020**

## PUNJAB KESARI.COM

# रक्तदान शिविर में 200 यूनिट रक्त एकत्रित

## रक्तदान पुनीत कार्य, बहुमूल्य जीवन को बचाता है: उपायुक्त

फरीदाबाद, 26 फरवरी (सूरजमल): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा भारत विकास परिषद् की फरीदाबाद इकाई के संयुक्त तत्वावधान तथा रैडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा संकास सदस्यों ने बढ़-चढ़कर स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर में 200 से ज्यादा यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का शुभारंभ फरीदाबाद के उपायुक्त यशपाल तथा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा भारत विकास परिषद की फरीदाबाद इकाई के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। उपायुक्त यशपाल ने स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया तथा विश्वविद्यालय द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उपायुक्त ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, जो दुर्घटना में घायल जरूरतमंद लोगों के बहुमूल्य जीवन को बचाने में काम आता है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के सफल आयोजन पर आयोजकों को बधाई दी और कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन अपने आप में शिक्षा का हिस्सा है, जो विद्यार्थियों को 'देने के सुख' की अनुभूति करवाता है और दूसरों के लिए मदद करने के लिए आगे आने की शिक्षा देता है। डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि रक्तदान के लाभकारी पहलुओं को लेकर युवाओं को शिक्षित करने और सुरक्षित रक्त संचार के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करता है और उन्हें स्वैच्छा से रक्तदान करने के लिए प्रेरित करता है। शिविर में मैनुफैक्चर्स एसोसिएशन फरीदाबाद के अध्यक्ष तथा जुनेजा ब्राइट स्टील प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अजय जुनेजा, शिवालिक प्रिंट्स के प्रबंध निदेशक मुकेश अग्रवाल, भारत विकास परिषद् फरीदाबाद के अध्यक्ष एसआर मित्तल, क्षेत्रीय मंत्री (सेवा) राज कुमार अग्रवाल, प्रमोद टिबरीवाल, सोहन लाल, नरेन्द्र बंसल, दिनेश अग्रवाल, पंकज के अलावा परिषद् के कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



*रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए उपायुक्त यशपाल एवं अन्य।*


पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 27 February 2020
https://epaper.punjabkesari.in/c/49416054

**NEWS CLIPPING: 27.02.2020**

**HINDUSTAN**

# शिविर में लोगों ने दो सौ यूनिट रक्तदान किया

फरीदाबाद| कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में बुधवार को भारत विकास परिषद् की फरीदाबाद इकाई और रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला उपायुक्त यशपाल यादव और संस्थान के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने कहा कि जरूरतमंदों की जान बचाने के लिए रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।

शिविर में छात्रों के साथ ही कर्मचारियों और फैकल्टी सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में दो सौ यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का समन्वयन विश्वविद्यालय की एनएसएस और यूथ रेड क्रॉस विंग के डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चौहान, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल और सुशील पवार ने किया। शिविर में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मौके पर अजय जुनेजा, मुकेश , एसआर मित्तल, राज कुमार अग्रवाल, प्रमोद टिबरीवाल, सोहन लाल, नरेन्द्र बंसल, दिनेश अग्रवाल, पंकज आदि मौजूद रहे।

## आयोजन

- छात्रों के साथ ही कर्मचारियों और फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया
- सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए

**NEWS CLIPPING: 27.02.2020**

**HINDUSTAN**

# तनाव प्रबंधन के गुर सिखाए

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के प्रबंधन अध्ययन विभाग की ओर से व्याख्यान का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों आत्मविश्वास बढ़ाने और तनाव प्रबंधन सिखाने के लिए हुए इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता नूपुर तिवारी बतौर मुख्य वक्ता पहुंची।

उन्होंने छात्रों के तनाव प्रबंधन, आत्म-साक्षात्कार, आत्म-अनुशासन और आत्म-प्रेरणा की जानकारी दी। साथ ही बताया कि छात्र कैसे आत्मविश्वास को बढ़ा सकते हैं। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने इस व्याख्यान के लिए मुख्य वक्ता का आभार जताया।

इस अवसर पर प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम और डीन डॉ. अरविंद गुप्ता मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 27.02.2020**

## THE PIONEER

# रक्तदान शिविर में 200 यूनिट रक्त एकत्रित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा भारत विकास परिषद् की फरीदाबाद इकाई के संयुक्त तत्वावधान तथा रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा संकास सदस्यों ने बढ़-चढ़कर स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर में 200 से ज्यादा यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक चला। शिविर का शुभारंभ फरीदाबाद के उपायुक्त यशपाल यादव तथा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा भारत विकास परिषद की फरीदाबाद इकाई के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग भी उपस्थित थे। शिविर का समन्वयन विश्वविद्यालय की एनएसएस और यूथ रेडक्रॉस विंग द्वारा डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चौहान, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सोनिया बंसल तथा सुशील पवार की देखरेख में किया गया। उपायुक्त यशपाल यादव ने स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया तथा विश्वविद्यालय द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उपायुक्त ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, जो दुर्घटना में घायल जरूरतमंद लोगों के बहुमूल्य जीवन को बचाने में काम आता है। शिविर में मैनुफैक्चर्स एसोसिएशन फरीदाबाद के अध्यक्ष तथा जुनेजा ब्राइट स्टील प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अजय जुनेजा, शिवालिक प्रिंट्स के प्रबंध निदेशक मुकेश अग्रवाल उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING: 27.02.2020**

## THE PIONEER

# छात्रों ने सीखी आत्मविश्वास बढ़ाने और तनाव मुक्त रहने की तकनीक

### आत्म-साक्षात्कार, आत्म-अनुशासन और आत्म-प्रेरणा की जानकारी दी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विद्यार्थियों** में आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा तनाव प्रबंधन की तकनीक सिखाने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता तथा आरोग्य साधक के रूप में पहचान रखने वाली नूपुर तिवारी के विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। नूपुर तिवारी जापान में हील टोक्यो संगठन चलाती है, जिसके साथ अनेकों कारपोरेट तथा शिक्षण संस्थान जुड़े हुए है। वह योग विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षक भी है। व्याख्यान के दौरान, नूपुर ने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, आत्म-साक्षात्कार, आत्म-अनुशासन और आत्म-प्रेरणा की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ चर्चा की कि कैसे वे अपने आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने आत्मविश्वास बढ़ाने के विभिन्न तकनीकों के बारे में बताया, जिसके माध्यम से वे अपनी क्षमताओं का पता लगा सकते हैं और इसे सही दिशा में ले जा सकते हैं। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के लिए प्रेरक सत्र आयोजित तथा उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में सहयोग देने के लिए नूपुर तिवारी के प्रयासों की सराहना की।

**NEWS CLIPPING: 27.02.2020**

## DAINIK BHASKAR

# रक्त बहुमूल्य है, ये दुर्घटना में घायलों का जीवन बचाने में काम आता हैः प्रो. दिनेश

## जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने भारत विकास परिषद के तत्वावधान रक्तदान शिविर

**भास्कर न्यूज** | फरीदाबाद

जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने भारत विकास परिषद के तत्वावधान में रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया। इसमें स्टूडेंट व स्टाफ ने 200 से ज्यादा यूनिट रक्त दान किया। शिविर का शुभारंभ डीसी यादव और कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। इस दौरान डीसी ने रक्तदान को लेकर स्टूडेंट्स को प्रेरित करते हुए यूनिवर्सिटी की ओर से रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, जो दुर्घटना में घायल जरूरतमंदों के बहुमूल्य जीवन को बचाने में काम आता है। कुलपति प्रो. कुमार ने कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन अपने आप में शिक्षा का एक हिस्सा है। जो स्टूडेंट्स को 'देने के सुख' की अनुभूति कराता है और दूसरों के लिए मदद करने के लिए आगे आने की शिक्षा देता है। डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि रक्तदान के लाभकारी पहलुओं को लेकर युवाओं को शिक्षित करने और सुरक्षित रक्त संचार के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करता है। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने शिविर में सहयोग के लिए भारत विकास परिषद और रैडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों का आभार जताया।



शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए डीसी यशपाल यादव, कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एवं अन्य।

# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 27.02.2020**

## PUNJBA KESARI.COM

Punjab Kesari 27/02/2020

# रक्तदान पुनीत कार्य, बहुमूल्य जीवन को बचाता है: उपायुक्त

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा भारत विकास परिषद् की फरीदाबाद इकाई के संयुक्त तत्वावधान तथा रैड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा संकास सदस्यों ने बढ़-चढकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर में 200 से ज्यादा यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर प्रात: 9.30 बजे प्रारंभ हुआ और सायं 4 बजे तक चला। शिविर का शुभारंभ फरीदाबाद के उपायुक्त यशपाल यादव तथा कुलपति प्रो. दिनेश

**• शिविर में 200 यूनिट रक्तदान हुआ एकत्र**

कुमार द्वारा भारत विकास परिषद की फरीदाबाद इकाई के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग भी उपस्थित थे। शिविर का समन्वयन विश्वविद्यालय की एनएसएस और यूथ रेड क्रॉस विंग द्वारा डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चौहान, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सोनिया बंसल तथा सुशील पवार की देखरेख में किया गया। उपायुक्त यशपाल यादव ने स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया तथा



**रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए उपायुक्त यशपाल यादव, कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एवं अन्य।**

विश्वविद्यालय द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उपायुक्त ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, जो दुर्घटना में घायल जरूरतमंद लोगों के बहुमूल्य जीवन को बचाने में काम आता है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के सफल आयोजन पर आयोजकों को बधाई दी और कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन अपने आप में शिक्षा का हिस्सा है, जो विद्यार्थियों को 'देने के सुख' की अनुभूति करवाता है और दूसरों के लिए मदद करने के लिए आगे आने की शिक्षा देता है। डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि रक्तदान के लाभकारी पहलुओं को लेकर युवाओं को शिक्षित करने और सुरक्षित रक्त संचार के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करता है और उन्हें स्वैच्छा से रक्तदान करने के लिए प्रेरित करता है। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने रक्तदान शिविर में सहयोग के लिए भारत विकास परिषद् की फरीदाबाद इकाई तथा रैड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों का आभार जताया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को रक्तदान के उपरांत रिफ्रेशमेंट तथा प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। शिविर में मैनुफैक्चर्स एसोसिएशन फरीदाबाद के अध्यक्ष तथा जुनेजा ब्राइट स्टील प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अजय जुनेजा, शिवालिक प्रिंट्स के प्रबंध निदेशक मुकेश अग्रवाल, भारत विकास परिषद् फरीदाबाद के अध्यक्ष एस.आर. मित्तल, क्षेत्रीय मंत्री (सेवा) राज कुमार अग्रवाल, प्रमोद टिबरीवाल, सोहन लाल, नरेन्द्र बंसल, दिनेश अग्रवाल, पंकज के अलावा परिषद् के कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


**GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)**

**NEWS CLIPPING: 27.02.2020**

**AMAR UJALA**

## जेसी बोस विवि में हुआ 200 यूनिट रक्तदान

फरीदाबाद। जेसी बोस विश्वविद्यालय में भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 200 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सुबह 9.30 बजे से शाम 4 बजे तक लगाए गए रक्तदान शिविर में उपायुक्त यशपाल यादव व कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। भारत विकास परिषद की स्थानीय इकाई के पदाधिकारियों की उपस्थिति में लोगों ने रक्तदान किया। उपायुक्त यशपाल यादव ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, जो दुर्घटना में घायल जरूरतमंद लोगों के बहुमूल्य जीवन को बचाने में काम आता है। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चौहान, डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल और सुशील पवार आदि लोग व विद्यार्थी इस दौरान प्रमुख रूप से मौजूद रहे। ब्यूरो